नशे के 300 इंजेक्शन के साथ शातिर तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़ा

आरोपी मोहम्मद रजा हुसैन जयपुर में अलग-अलग स्थानों पर जाकर ''एविल इंजेक्शन'' को 150 से 200 रुपए में बेचता था

जयपुर । ड्रग कंट्रोल डिपार्टमेंट की टीम ने जयपुर में एक ड्रग बेचने वाले को पकड़ा है। इसके पास से नशे के तौर पर उपयोग लिए जाने वाले 300 एविल इंजेक्शन की खेप बरामद की।

सहायक औषधि नियंत्रक महेंद्र जोनवाल ने बताया कि डिपार्टमेंट को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति बिहार से इंजेक्शन लाकर कांवटिया सर्किल पर नशा करने वाले लोगों को बेचता है। सूचना के बाद ड्रग कंट्रोल डिपार्टमेंट की टीम कांवटिया सर्किल पर निगरानी के लिए तैनात हो गई। जैसे ही युवक पहुंचा तो उसके हाथ में एक सफेद कट्टा था। उसे लेकर वह सर्किल पर घूम रहा था। जब भट्ठा बस्ती पुलिस और ड्रग कंट्रोल डिपार्टमेंट की टीम ने युवक को पकड़ लिया। उसके पास मौजूद कट्टे की तलाशी ली तो उसमें एविल इंजेक्शन की खेप बरामद हुई। जिसमें कट्टे में 300 इंजेक्शन और सीरिंज पकड़ी गई। आरोपी इन्हें 150 से 200 रुपए में बेचता था। यह इंजेक्शन के सैंपल लेकर उसे जांच के लिए लैब में भिजवाया है। बाकी खेप को जब्त कर लिया। गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद रजा हुसैन बिहार का रहने वाला है। यहां भट्ठा बस्ती में किराये का कमरा लेकर रहता है। एक दिन पहले ही वह बिहार से ट्रेन के जरिए इंजेक्शन की खेप लेकर जयपुर आया था। प्रारम्भिक पूछताछ उसने बताया कि ये इंजेक्शन नशे के रूप में इस्तेमाल करने के लिए बिहार से जयपुर लाए गए हैं। इसे राजधानी के अलग-अलग स्थान पर बेचा जाना था। ड्रग कंट्रोलर राजाराम शर्मा ने बताया कि पूछताछ के बाद ड्रग आयुक्तालय की टीम ने आरोपी मोहम्मद राजा हुसैन को पुलिस को सुपुर्द कर दिया। ड्रग आयुक्तालय की टीम ने जांच के लिए इंजेक्शन के नमूने लिए और अभियुक्त के घर व अन्य ठिकानों की भी तलाशी ली।

जांच में सामने आया है कि अभियुक्त बिहार से बिना बिल के ये इंजेक्शन खरीद कर लता था और नशे के लिए बेचा करता था। आम तौर पर ये इंजेक्शन बाजार में 5 से 10 रुपए में मिलते हैं, लेकिन अभियुक्त इन्हें 300 रुपए प्रति इंजेक्शन के हिसाब से बेचता था।

■ आरोपी एक दिन पहले ही बिहार से ट्रेन के जरिए इंजेक्शन की खेप लेकर जयपुर आया था।

रोबोटिक फिजियोथैरेपी से मरीज फिर सामान्य हुआ

जयपुर । दो साल पहले 63 वर्षीय संजीव शर्मा (परिवर्तित नाम) को ब्रेन स्ट्रोक हुआ था, जिसके बाद उनके शरीर का दाहिना हिस्सा काम करना बंद कर दिया था। इस घातक घटना ने उनकी जिंदगी को बिस्तर तक सीमित कर दिया। उन्हें सामान्य कार्यों के लिए अपने परिवारजनों पर निर्भर रहना पड़ा। ऐसे में रोबोटिक फिजियोथैरेपी उनके लिए वरदान साबित हुई और उनका जीवन पुनः सामान्य हो सका।

संजीव शर्मा का इलाज जयपुर के सीनियर फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. आशीष अग्रवाल के नेतृत्व में किया गया। डॉ. आशीष अग्रवाल ने बताया कि संजीव शर्मा के शरीर के दाहिने तरफ़ में काफ़ी कमजोरी आ गई थी। सामान्य फ़िज़ियोथेरेपी से ज़्यादा सुधार नहीं आ रहा था। रोबोटिक फ़िज़ियोथेरेपी से पैर की कमजोर मांसपेशियों को सुधारने के लिए लोअर लिंब एंड गैट रोबोट का उपयोग किया गया। यह रोबोट उन्हें खड़ा होने और चलने में सहायता प्रदान करता है, जिससे उनकी गतिशीलता में सुधार हुआ और मरीज़ अब बिना किसी सहारे के चल पा रहा है। स्ट्रोक के बाद, संजीव शर्मा की बोलने की क्षमता भी प्रभावित हुई थी। जिसके लिए मरीज़ के ब्रोकाज एरिया को ब्रेन में नए न्यूरल कनेक्शन बनाने के लिए थ्री टेस्ला ब्रेन स्टिम्यूलेशन की सहायता से स्टिम्यूलेट किया गया, जिससे मरीज़ की बोलने के क्षमता में सुधार हुआ। कंधे एवं हाथ की मांसपेशियों में जीरो पावर होने के कारण वह हाथ नहीं उठा पा रहे थे, उन्हें सक्रिय करने के लिए लूना ईएमजी नेक्स्ट जेनरेशन रोबोट का उपयोग किया गया। डॉ. आशीष ने बताया कि इस तकनीक से मरीज़ जीरो पावर होने पर भी ब्रेन से कमांड देकर एक्टिव एक्सरसाइज करता है जिससे मरीज का दिमाग पहले से बेहतर ढंग से हाथ और पैर को नियंत्रित करने में सक्षम हो सका।

■ 2 साल पहले ब्रेन स्ट्रोक से मरीज के शरीर में दाहिने हिस्से ने काम करना बंद कर दिया था।

सार-समाचार

टैंट एवं गार्डन समिति के चुनाव संपन्न

जयपुर (कासं)। जयपुर जिला टैंट एवं गार्डन समिति के त्रैवार्षिक चुनाव 2 अगस्त को राजतिलक बैंक्वेट रिसोर्ट कालवाड़ रोड पर संपन्न हुए। कार्यक्रम में रामकुटी धाम के महंत कृष्णदास महाराज ने पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। राजस्थान टैंट डीलर्स किराया व्यवसायी समिति के प्रदेशाध्यक्ष रासबिहारी शर्मा, राजकुमार तालुका, पर्वत सिंह भाटी, जितेन्द्र गर्ग और जयपुर जिला संरक्षक कैलाश चंद अग्रवाल के सानिध्य में चुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया निर्विरोध संपन्न हुई, जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष रजनीश कुमार शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा, महासचिव मनमोहन शर्मा और कोषाध्यक्ष रामवतार शर्मा को चुना गया।

कुलदीप शर्मा बने अति.प्रशासनिक अधिकारी

जयपुर (कासं)। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा मंत्रालयिक कर्मचारी संगठन के महासचिव सहायक प्रशासनिक अधिकारी कुलदीप शर्मा को अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदोन्नित प्रदान की गई। पदोन्नित होने पर महासचिव कुलदीप शर्मा को सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के सभी अधिकारी व कर्मचारियों ने सम्मानित कर शुभकामनाएं दीं।

वायनाड पीड़ितों के लिए एलआईसी की छूट

जयपुर । भारतीय जीवन बीमा निगम (एल.आई.सी.) ने केरल के वायनाड में आपदा के पीड़ितों के लिए छूट की घोषणा की है। एलआईसी के सीईओ और एमडी सिद्धार्थ मोहंती ने केरल के वायनाड में आपदा से प्रभावित एलआईसी पॉलिसियों और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के दावेदारों की कठिनाइयों को कम करने के लिए छूट की घोषणा की है। एलआईसी के कर्मचारियों और एजेंटों का पूरा परिवार जान गंवाने वालों के दुख को साझा करता है और पीड़ितों के परिवार के सदस्यों के साथ मजबूती से खड़ा है। दावों के त्वरित निपटान के लिए इस संबंध में राज्य सरकार के अधिकारी के साथ संपर्क करने के लिए कोझिकोड डिवीजन में नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं।

हॉस्टल छात्रा से छेड़छाड़

जयपुर। सांगानेर इलाके में एक हॉस्टल छात्रा से छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने शिकायत दी कि पिछले काफी समय से आरोपी लड़का पीछा कर बीच रास्ते में उसे पकड़कर छेड़छाड़ कर रहा है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीडिता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि सांगानेर निवासी 23 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज करवाया कि वह एक हॉस्टल में रहकर स्टडी कर रही है। आरोप है कि पिछले काफी समय पहले पूरन नाम के लड़के से उसकी मुलाकात हुई थी। उसके बाद से आरोपी पूरन सिंह उसको बात करने का दबाव बना रहा है। हॉस्टल आने-जाने के दौरान उसका पीछा कर छेड़छाड़ करता है। कई बार समझाने का प्रयास करने पर भी पीछा कर छेड़छाड़ करना बंद नहीं किया। विरोध कर शिकायत करने की कहने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। टॉर्चर से परेशान होकर पीड़िता ने सांगानेर थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई।

अपहरण व लूट करने वाला बदमाश पकड़ा

जयपुर । मानसरोवर थाना पुलिस ने अपहरण कर रुपये ट्रांसफर करवाने वाली गैंग के मुख्य सरगना अशोक चौहान को गिरफ्तार किया है। साथ अन्य आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि मानसरोवर थाना पुलिस ने अपहरण कर रुपये ट्रांसफर करवाने वाली गैंग के मुख्य सरगना अशोक चौहान निवासी कासगंज उत्तर प्रदेश हाल मानसरोवर जयपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपित ने 25 जुलाई को एक युवक का अपहरण कर रुपये ट्रांसफर करवाने की वारदात को अंजाम देना कबूला है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

ई-रिक्शा की चार बैट्रियां चोरी

जयपुर । विद्याधरनगर स्थित परिवहन कार्यालय द्वितीय के नाले के पास वाली दीवार फांदकर चोर अंदर घुसे और ई रिक्शा की चार बैट्रियां खोलकर ले गए। घटना के सम्बंध में जिला परिवहन अधिकारी ने विद्याधर नगर थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार जिला परिवहन अधिकारी संजय शर्मा ने मामला दर्ज करवाया कि जिला परिवहन कार्यालय द्वितीय की नाले के पास वाली दीवार फांदकर चोर अंदर घुसे। एक सीज ई रिक्शा की चार बैट्रियां खोलकर ले गए। घटना का पता गार्डो द्वारा कार्यालय में खड़े वाहनों का निरीक्षण करने पर लगा। बेट्रियां गायब मिलने पर गार्डो ने अधिकारियों को मामले की जानकारी दी। इस पर अधिकारियों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर साक्ष्य लेकर जांच शुरू कर दी है।

घूमर-लहरियां के गीतों पर झूमी महिलाएं

जयपुर । राजधानी जयपुर में शनिवार को शास्त्री नगर आरपीए रोड स्थित जन उपयोगी भवन में महिलाओं द्वारा तीज उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं ने खूब जमकर मौज मस्ती की और तीज त्योहार का महत्व बताया। साथ ही महिलाओं ने ग्रुप में घूमर,लहरिया सहित कई गीतों में सामूहिक और एकल नृत्य भी किया। कई महिलाओं ने ग्रुप बना कर ढोलक कर घूमर नृत्य भी किया। साथ ही इस कार्यक्रम में एक प्रस्तुति योग की थी,जिसने सभी का मन मोह लिया। नृत्यम इवेंट प्लानर और कार्यक्रम की आयोजिका काजल सैनी ने बताया कि तीज त्योहार आम जन में प्रेम ,प्यार,सद्भावना और भाईचारा के रंग भरते है । यह हमारे देश की सभ्यता संस्कृति परंपराओं और मानवीय मूल्यों के परिचायक है। हमारी संस्कृति और सभ्यता की विरासत है। इस कार्यक्रम में महिलाओं ने झूला झूलते हुए तीज व सावन के गीत गाए। महिलाओं ने कार्यक्रम में मेहंदी भी लगाई। इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया। साथ ही इस कार्यक्रम में डॉ. निर्मला यादव बतौर मुख्य अतिथि रही। काजल सैनी ने बताया कि तीज महोत्सव कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम, तीज क्वीन कॉन्टेंट,डांस प्रतियोगिता,फैशन शो,कल्चर कार्यक्रम सहित कई कार्यक्रम हुए। इसके अलावा डांस प्रतियोगिता भी रखी गई। इस प्रतियोगिताओं में एक से बढ़कर एक सुंदर प्रस्तुति दी। इस दौरान झूलों में झूलकर सावनी गीत गाए गए। कार्यक्रम के दौरान युवा महिलाएं सावन के गीतों पर जमकर थिरकीं। खेल-खेल में प्रतिभागियों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया । इस डांस प्रतियोगिता में विजेता रही महिलाओं को आकर्षक उपहार भी दिए गए।

संस्कृत विवि. में दाखिले 18 अगस्त तक

जयपुर । जगद्गुरुरामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन की तथि 18 अगस्त तक बढ़ाई गई है। प्रवक्ता शास्त्री कोसलेंद्रदास ने बताया कि विभिन्न पाठ्यक्रमों में विद्यार्थी अब बढ़ी हुई तिथि के अनुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। शास्त्री व आचार्य कक्षाओं के लिए वेद एवं पौरोहित्य, धर्मशास्त्र, ज्योतिष, साहित्य, व्याकरण, दर्शन, जैन दर्शन और विशिष्टाद्वैत वेदांत में आवेदन करने का विकल्प विद्यार्थियों के पास है। योग विज्ञान विषय में बीए व एमए कक्षाओं के अतिरिक्त योग, ज्योतिष एवं कर्मकांड और पीजीडीसीए जैसे डिप्लोमा पाठ्यक्रम में भी विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं।

अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांट के लिए एस.ओ.पी. तैयार हुई

जयपुर। राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन ने विभिन्न अस्पतालों में स्थापित ऑक्सीजन उत्पादन प्लांट्स के सुचारू संचालन एवं उपयोग के लिए एक मानक संचालन प्रकिया (एसओपी) तैयार की है। इस एसओपी को स्वास्थ्य भवन में आरएमएससीएल की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि की अध्यक्षता में आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक में अंतिम रूप दिया गया। यह एसओपी लागू होने से प्रदेश के अस्पतालों में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट्स का निर्धारित मापदण्डों के अनुसार बेहतर संचालन हो सकेगा।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने राज्य में चिकित्सा ऑक्सीजन संसाधनों की उपलब्धता और प्रभावी प्रबंधन के संबंध में निर्देश दिए थे। उन्होंने अस्पतालों में स्थापित आक्सीजन प्लांट्स के प्रभावी संचालन के लिए एक एसओपी विकसित करने की आवश्यकता व्यक्त की थी। आरएमएससीएल ने विषय विशेषज्ञों, उद्योग विशेषज्ञों और विभिन्न अस्पताल प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित कर इस एसओपी का अंतिम रूप दे दिया है। जल्द ही इसे प्रदेश में लागू किया जाएगा। राज्य नोडल अधिकारी ऑक्सीजन प्रबंधन डॉ. प्रेम सिंह ने ड्राफ्ट एसओपी में शामिल बिंदुओं के बारे में जानकारी दी। नेहा गिरि ने बैठक में कहा कि प्लांट्स में प्रेशर अलार्म के साथ ऑक्सीजन शुद्धता अलार्म भी शामिल होना चाहिए। उन्होंने एनएबीएल मान्यता प्राप्त लैब्स के माध्यम से ऑक्सीजन शुद्धता परीक्षण की आवृत्ति को निर्धारित करने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि एसओपी में अस्पतालों के लिए एक चेकलिस्ट शामिल की गई है, जिसमें यह बताया जाए कि अगर प्लांट्स में कोई समस्या आती है तो कब और किस स्तर पर कार्यवाही की आवश्यकता है। उन्होंने ऑक्सीजन संसाधनों के अनुकूलतम उपयोग के लिए ऑक्सीजन संचालन और बीएमई की नियुक्ति और प्रशिक्षण की आवश्यकता पर भी बल दिया। अतिरिक्त निदेशक अस्पताल प्रशासन डॉ. सुशील परमार ने एसओपी को तकनीकी और प्लांट ऑपरेटर्स के उपयोग के अनुकूल बनाने और अग्नि सुरक्षा मुद्दों को लेकर सुझाव दिए।

उल्लेखनीय है कि चिकित्सा ऑक्सीजन आवश्यकताओं की आपूर्ति में राजस्थान आत्मनिर्भर है। राज्य में 530 से अधिक प्लांट्स और विभिन्न चिकित्सा संस्थानों में 40 हजार से अधिक ऑक्सीजन कंसंट्रेटर्स उपलब्ध हैं। इसके अलावा तरल चिकित्सा ऑक्सीजन भंडारण टैंकों को भी स्थापित किया गया है।

'संस्थागत संपत्तियों पर अगर तय समय में निर्माण नहीं होता है तो आवंटन निरस्त करें'

खाली पड़े मकानों को ई-नीलामी से बेचेगा हाऊसिंग बोर्ड : इंद्रजीत सिंह

जयपुर (कासं)। आवासन आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि, आवंटित की गई संस्थागत संपत्तियों पर तय समयावधि में निर्माण नहीं होता है तो तत्काल निरस्तीकरण की कार्रवाई करें। ऐसी तमाम संपत्तियों को चिन्हित करके सूची बनाई जाए, जिन्होंने जमीनें आवंटित करवाकर कोई निर्माण नहीं किया।

उन्होंने कहा कि आवासों से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण में अभियंताओं द्वारा ई-सिग्नेचर का उपयोग हो, ताकि जरूरतमंद लोगों को समय पर मकान मिल सकें। उन्होंने प्रदेशभर में आवासीय योजनाओं का दायरा बढ़ाने के लिए सभी जिलों में उपयुक्त भूमि चिन्हित व अवाप्त करने के प्रस्ताव मुख्यालय भेजने को कहा। इंजीनियर्स को निर्देश दिए कि फील्ड में जाकर स्थानीय प्रशासन के सहयोग से शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जमीनों के प्रस्ताव तैयार करें। साथ ही, प्रीमियम प्रोपर्टी के प्रस्ताव भी अविलम्ब तैयार किए जाए। आवासन आयुक्त ने खाली पड़े हाऊसिंग बोर्ड के मकानों के शीघ्र ही नीलामी के जरिए बेचने के लिए कहा है। उन्होंने नवीन आवासीय योजनाओं के संबध में विस्तृत दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि अभियंता जमीन को अवाप्त करने से पहले कोस्ट बेनेफिट अध्ययन सुनिश्चित करें।

इंद्रजीत सिंह ने कहा कि हाऊसिंग बोर्ड, भूमि हस्तांतरण की एसओपी बनाकर लंबित प्रकरणों का तत्काल निस्तारण करें। साथ ही ई -ऑक्शन को भी और अधिक पारदर्शी व प्रभावी बनाने पर ध्यान दें। बैठक में मुख्य अभियंता मुख्यालय डी.एस. मीना, मुख्य अभियंता-प्रथम अमित अग्रवाल, मुख्य संपदा प्रबंधक प्रवीण अग्रवाल सहित वरिष्ठ अधिकारी एवं अभियंता उपस्थित रहे।

■ प्रदेश में नई आवास योजनाओं विकसित करने के लिए उपयुक्त जमीन चिहिन्त व अवाप्त करने के निर्देश दिए अधिकारियों को

आवासन आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने शनिवार को मुख्यालय भवन में अधिकारियों की बैठक ली।

कोचिंग हब बने पहली पसंद

आवासन आयुक्त ने बताया कि जयपुर शहर में अवैध रूप से संचालित कोचिंग सेंटर्स पर कार्रवाई करने के लिए राज्य सरकार को पत्र लिखा है। कोचिंग हब में एक ही छत के नीचे सभी सुख सुविधाएँ मिलती है, जो इसे सभी कोचिंग संस्थान के लिए सबसे बेहतर और सुरक्षित विकल्प बनाता है। मण्डल द्वारा भी कोचिंग संस्थानों से संवाद स्थापित कर उन्हें कोचिंग हब की जानकारी दी जाए व कोचिंग हब में निवेश के लिए प्रेरित किया जाए।

'चित्रांगदा : एक सशक्त नारी' का हुआ भव्य मंचन

जयपुर । ''चित्रांगदा'' सशक्त नारी की अविश्वसनीय शक्ति को दर्शाती एक संगीतमय नृत्य नाटिका का मंचन जयपुर में स्थित महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में शनिवार को किया गया। नोबेल पुरस्कार विजेता, गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा सन 1892 में लिखित पुस्तिका चित्रांगदा से प्रेरित यह नृत्य और नाटक का रूपांतरण था। नाटक में मुख्य भूमिका सुहासी धामी, संदीप सोपारकर, मौमिता पाल निभा रहे हैं और इस नाटक का निर्देशन और कोरियोग्राफी मधुमिता चक्रवर्ती द्वारा किया गया है। गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की 163वें जन्मदिन पर यह उनको सच्ची श्रद्धांजलि है, एक दूरदर्शी जिन्होंने एक सदी पहले ही महिलाओं की शक्ति को देखा था, जो शक्ति पिछले कुछ दशकों में धुंधली हो गई है। यह संगीतमय नृत्य नाटिका चित्रांगदा को सम्मानित करती है, जो एक प्रेमी की सुंदरता और एक योद्धा की वीरता दोनों को एक साथ दर्शाती है। यह लोक संगीत और शास्त्रीय संगीत के एक मंत्रमुग्ध करने वाले मिश्रण के साथ, एक मनोरंजक नाटक में सुंदरता, पवित्रता और शक्ति का सार है। यह नाटिका मणिपुर राज्य की राजकुमारी चित्रांगदा की वो अनकही कहानी पर आधारित थी; जो अर्जुन की पत्नियों में से एक थी।

कोचिंग छात्रा ने नवीं मंजिल से कूदकर जान दी

जयपुर । मुहाना इलाके में एक कोचिंग छात्रा ने अपार्टमेंट की 9वीं मंजिल से कूदकर सुसाइड कर लिया। आत्महत्या का प्राथमिक कारण माता-पिता से झगड़े को बताया जा रहा है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस सुसाइड के कारण का पता लगाने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने बताया कि मृतका लीना सिंह (20) पुत्री राजेश सिंह मुहाना के एक अपार्टमेंट में रहती थी। वह अपनी बहन के साथ रहकर कॉम्पिटिशन एग्जाम की तैयारी कर रही थी। शुक्रवार दोपहर करीब 12.30 बजे उसने अपार्टमेंट की नवीं मंजिल की छत से छलांग लगाकर सुसाइड कर लिया। बॉलकोनी से नीचे गिरने पर उठी धमकाने की आवाज सुनकर अपार्टमेंट में रहने वाले लोग मौके पर पहुंचे। लहूलुहान हालत में लीना जमीन पर पड़ी मिली। स्थानीय लोगों ने तुरंत मुहाना थाना पुलिस को सूचित किया। गंभीर हालत में लीना को तुरंत हॉस्पिटल भिजवाया गया। डॉक्टर्स ने प्राथमिक इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया।

लूटे हुए मोबाइल से बैंक खाते से पैसे निकालने वाला पकड़ा

जयपुर । सांगानेर सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मदद की आड में मोबाइल लूट कर मोबाइल से पैसे निकालने वाले एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उससे चोरी किया गया मोबाइल और धोखाधडी से निकाले गए आठ हजार छह सौ रूपये बरामद किए है। पुलिस ने आरोपी के पास से वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन भी बरामद किया है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि सांगानेर सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मदद की आड में मोबाइल लूट कर मोबाइल से पैसे निकालने वाले घनश्याम बैरवा उर्फ लोदी निवासी शिवदासपुरा जयपुर को गिरफ्तार किया है।

जानकारी में सामने आया है कि पीड़ित राजू प्रजापत अपने मोबाइल से किसी अन्य व्यक्ति से बात कर रहा था जिसके पास जाकर आरोपित ने अपनी मोटरसाइकिल में तेल खत्म होने की बात कहकर तेल डलवाने के लिये किसी आदमी को फोन कर पीड़ित के फोन में 200 ट्रांसफर करवाने की बात कहकर मदद मांगी। जिस पर पीड़ित ने आरोपित को मोबाइल दे दिया। आरोपित ने परिवादी का स्क्रीन लॉक खोलते हुए पैटर्न देख लिया और मोबाइल पर बात करने का झूठा नाटक कर थोड़ी देर तक मोबाइल को कान पर लगा रखा। आरोपित व पीड़ित में थोडी गेप होने पर उसका मोबाइल लेकर भाग गया।

इसी तरह सड़क हादसे में घायल युवक की मदद के बहाने एक अस्पताल कर्मचारी ने मोबाइल से अपने खाते में 27 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिए। ठगी का पता लगने पर घायल के पिता ने बजाज नगर थाने में मामला दर्ज करवाया। शांति नगर दुर्गापुरा निवासी गिर्राज प्रसाद ने मामला दर्ज करवाया कि महारानी फार्म से दुर्गापुरा जाने के दौरान उसके बेटे प्रथम अग्रवाल की सड़क दुर्घटना हो गई। घायल अवस्था में उसे जयपुरिया अस्पताल ले जाया गया। जहां पर मदद के नाम पर एक अस्पताल कर्मचारी ने बेटे से मोबाइल का लॉक पूछ लिया और ऑनलाइन 27 हजार रुपए निकाल लिए।

राजस्थानी भाषा को मान्यता देने की मांग

जयपुर । आरटीआई कार्यकर्त्ता ओम प्रकाश ओझा ने प्रधान मंत्री को लिखे पत्र में 3 अगस्त 2013 को राजस्थान विधानसभा में राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने के सर्व सम्मत प्रस्ताव पास की ओर ध्यान आकर्षित किया है। ओझा ने बताया पिछले 22 वर्षों में विभिन्न प्रधान मंत्रियों को इस सम्बन्ध में पत्र लिखे गए मगर केंद्र सरकार ने ने कोई सकारात्मक जवाब नहीं दिया। राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं करने का सबसे बड़ा कारण राजस्थानी भाषा को प्राथमिक स्तर पर शिक्षण का माध्यम नहीं बनाया जाना था। सरकार ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव तो विधानसभा में पास कर दिया था लेकिन इसे प्राथमिक स्तर पर शिक्षण का माध्यम नहीं बनने दिया था। इस सच्चाई का खुलासा अगस्त 2013 में सूचना के अधिकार के माध्यम से हुआ, जब राजस्थान सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा केंद्र सरकार को भेजी एक रिपोर्ट सार्वजनिक हुई। ओझा ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा जी को इस विषय बाबत सभी पत्रों व दस्तावेज़ों की फ़ोटो

अंगदान के लिए उल्लेखनीय कार्य करने पर राजस्थान को दो राष्ट्रीय पुरस्कार मिले

जयपुर (कासं)। अंगदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए राजस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर दो पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। भारतीय अंगदान दिवस के अवसर पर शनिवार को दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने राजस्थान को अंगदान जागरूकता अभियान के तहत सर्वश्रेष्ठ प्रचार-प्रसार गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए बेस्ट आईईसी अवॉर्ड प्रदान किया है। समुचित प्राधिकारी डॉ. रश्मि गुप्ता एवं संयुक्त निदेशक डॉ. एसएन धौलपुरिया ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। साथ ही, मोहन फाउंडेशन जयपुर सिटीजन फोरम को सपोर्टिव एनजीओ अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने इस उपलब्धि के लिए अंगदान जागरूकता अभियान से जुड़े सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि राजस्थान ने अल्प समय में ही अंगदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। हमारा प्रयास है कि राजस्थान इस क्षेत्र में अव्वल मुकाम हासिल करे। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने भी टीम को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अंगदान जन जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न स्तरों पर जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी का परिणाम है कि अब यह एक जनअभियान बन चुका है और राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान को पहचान मिली है। सम्मान समारोह के विशिष्ट अतिथि नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. विनोद के पॉल थे। इस अवसर पर केंद्रीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सचिव अपूर्वा चंद्रा, स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. अतुल गोयल, निदेशक नेशनल ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट आर्गेनाइजेशन डॉ. अनिल कुमार मौजूद थे।

■ सर्वश्रेष्ठ आईईसी गतिविधियों के लिए मिला सम्मान

■ मोहन फाउंडेशन जयपुर सिटीजन फोरम को सपोर्टिव एनजीओ अवार्ड से सम्मानित किया

चैकिंग के दौरान सिख युवक की पगड़ी गिरने से विवाद हुआ

जयपुर । महेश नगर इलाके में सिविल ड्रेस में तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा चैकिंग के दौरान के एक सिख युवक की पगड़ी गिरने से गोपालपुरा बायपास पर बड़ा विवाद खड़ा हो गया। झगड़े में सिख युवक की पगड़ी गिरने को लेकर विवाद में सैकड़ों लोग इकट्ठा हो गए। धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने को लेकर दो घंटे तक लोगों ने प्रदर्शन किया। पुलिस प्रशासन ने हालत बिगड़ते देखकर भारी जाब्ता मौके पर बुला लिया। पुलिस की समझाइश के बाद आखिर में मामला शांत हो गया। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार रात सिविल ड्रेस में पुलिसकर्मी गोपालपुरा बाइपास स्थित शराब दुकानों पर कार्रवाई के लिए पहुंचे थे। शराब दुकान को लेकर पहुंचे पुलिसकर्मियों की कार्रवाई को लेकर पड़ोसी कैफे मालिक से कहासुनी हो गई। आरोप है कि अवैध शराब बेचने के आरोप में सिविल ड्रेस में आए पुलिसकर्मियों ने मारपीट कर दी। जिसके चलते बचाने आए सिख युवक की बीच-बचाव के दौरान पगड़ी गिर गई। देखते ही देखते माहौल बिगड़ने पर कहासुनी के बाद झगड़ा हो गया। दोनों ही पक्षों में जमकर मारपीट होना शुरू हो गई। आरोप है कि पुलिसकर्मी होने का दावा करने वाले युवकों ने जमकर मारपीट करना शुरू कर दिया। सिख युवक के साथ बदतमीजी होने का पता चलने पर बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। विरोध कर प्रदर्शन कर रहे लोगों ने पुलिसकर्मियों पर धार्मिक भावनाओं का अपमान करने का आरोप लगाया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि वे अभी भी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या हुआ था। दो पुलिसकर्मी अवैध शराब के किसी ऑपरेशन पर कार्रवाई करने गए थे। ऐसा लगता है कि किसी प्रकार का भ्रम हुआ जिससे चीजें बढ़ गई। मौके पर पहुंचे पुलिस अतिरिक्त जाब्ते की मदद से स्थिति पर काबू पाया।